संख्या-61/2015/वे0आ0-2-1224/दस-8(मु0स0स0)/2011 टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
सचिवालय प्रशासन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 **लखनऊ: दिनांक: 04 दिसम्बर, 2015**

विषय- उ0प्र0 सचिवालय के लेखा संवर्ग में कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर नये पदों के सृजन से सम्बन्धित मुख्य सचिव समिति को संदर्भित प्रकरण पर समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णय के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 सचिवालय के लेखा संवर्ग में कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर नये पदों के सृजन से सम्बन्धित मुख्य सचिव समिति को संदर्भित प्रकरण पर समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर निम्नानुसार निर्णय लिया गया हैं:--

(1) उ0प्र0 सचिवालय में कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर लेखा सम्बन्धी कार्य संचालन हेतु 06 नये अनुभाग सृजित किये जायें।

(2) उ0प्र0 सचिवालय में लेखा कार्य से सम्बन्धित अनुभागों में प्रति अनुभाग 01 अनुभाग अधिकारी, 03 समीक्षा अधिकारी एवं 01 सहायक समीक्षा अधिकारी रखे जाने का मानक निर्धारित किया जाये।

(3) उपसचिव (लेखा) के 02 पद, अनुसचिव (लेखा) का 01 पद एवं समीक्षा अधिकारी (लेखा) के 04 आस्थगित पदों का आस्थगन समाप्त किया जाये।

(4)विभागीय कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर अनुभाग अधिकारी के 06 समीक्षा अधिकारी के 26, सहायक समीक्षा अधिकारी के 06 एवं अनुसचिव (लेखा) के 07 नये पदों का सृजन किया जाय। उपयुक्त नये पदों

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

के सृजन के फलस्वरूप उ0प्र0 सचिवालय में लेखा संवर्ग के पदों का ढ़ाँचा निम्नानुसार हो जायेगा:-

क्र0 सं0	पदनाम/ग्रेड वेतन	वर्तमान में स्वीकृत पद	नये सृजित किये जा रहे पदों की संख्या	लेखा संवर्ग में कुल उपलब्ध पदों की संख्या
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
1	सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)/ ग्रेड वेतन रू0 4600	38	06	44
2	समीक्षा अधिकारी (लेखा)/ ग्रेड वेतन रू0 4800	106	26	132
3	अनुभाग अधिकारी (लेखा)/ ग्रेड वेतन रू0 5400	31	13	44
4	अनुसचिव (लेखा)/ ग्रेड वेतन रू0 6600	10	07	17
5	उपसचिव (लेखा)/ ग्रेड वेतन रू0 7600	05	-	05
योग		190	52	242

(5) उ0प्र0 सचिवालय में लेखा संवर्ग में उपरोक्तानुसार नये पदों का सृजन इस प्रतिबन्ध के अधीन होगा कि इस संवर्ग में नये पदों का सृजन/संवर्ग पुनर्गठन के किसी प्रस्ताव पर आगामी 05 वर्ष की अवधि के उपरान्त ही विचार किया जायेगा।

2- उपर्युक्त प्रस्तर-1 के निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

विभाग की सहमति से यथाशीघ्र निर्गत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

अजय अग्रवाल
सचिव।

संख्या-61/2015/वे0आ0-2-1224(1)/दस-8(मु0स0स0)/2011 टी0सी0,तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:--

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1
(2) कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।

आज्ञा से,

मनोज कुमार जोशी
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।